Newspaper : Nav Bharat Times
Edition: Delhi | Date: 30th September, 2019 | Pg. : 06

सरकारी स्कूलों के बच्चे सीखेंगे अंग्रेजी बोलना

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

दिल्ली के सरकारी स्कूलों में अक्टूबर से दिसंबर तक स्पोकन इंग्लिश की क्लास चलेंगी। लिखने के साथ-साथ इंग्लिश बोलने में भी स्टूडेंट्स पीछे न रहें इस मकसद से ये क्लासेज स्कूलों की क्लासों तक पहुंचेंगी। 3 अक्टूबर से 28 दिसंबर तक ये क्लासें चलेंगी।

पिछले साल दिल्ली सरकार से जून में स्पोकन इंग्लिश का प्रोग्राम क्लास 11 के लिए लॉन्च किया था। इस साल अप्रैल से जून के बीच इसके दो साइकल पूरे हुए। इन क्लासों की कामयाबी के बाद स्पोकन इंग्लिश की अगली क्लासें अक्टूबर से शुरू हो रही हैं। खास यह है कि ब्रिटिश काउंसिल की एक्सपर्ट टीम इन क्लासेज को चलाती है। इस साल की पहली दो साइकल खत्म होने के बाद कई स्टूडेंट्स और उनके पैरंट्स को भी प्रोजेक्ट की अगली साइकल का इंतजार था। क्लास 11 के लिए स्पोकन इंग्लिश की क्लासेज चलाई जाएंगी। जिन स्कूलों के स्टूडेंट्स पहली दो स्टेज पर रखी गई क्लासों में शामिल नहीं हो पाए थे, वे भी इनमें शामिल होंगे। क्लासेज फ्री होंगी। 160 घंटों की ये क्लासेज हर रोज ढाई घंटे तक चलेंगी। 64 दिन तक स्पोकन इंग्लिश का कोर्स चलेगा। तीसरी स्टेज में 29 स्कूल इसमें कवर होंगे। दिल्ली सरकार की इस पहल के तहत ब्रिटिश काउंसिल स्टूडेंट्स के सही इंग्लिश बोलने और उसके प्रवाह पर फोकस करेगा। दिल्ली सरकार का इरादा है कि इस साल क्लास 11 के 40 हजार स्टूडेंट्स को इन क्लासों का फायदा मिले। प्रोजेक्ट के लिए रजिस्ट्रेशन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होता है।

3 अक्टूबर से क्लासेज

- अप्रैल से जून के बीच स्पोकन इंग्लिश प्रोग्राम के दो साइकल पूरे हुए
- ब्रिटिश काउंसिल की एक्सपर्ट टीम इन क्लासेज को चलाती है

File Photo